50 वर्षीय महिला को दरिंदों ने बनाया निशाना

खास बातें

- गला घोंटकर की हत्या, मेडिकल कॉलेज में हुआ पोस्टमार्टम
- किरायेदार की ननद की शादी में शामिल होने आई थी ग्राम कोटरा
- शमशाबाद के पुल पर बेरीकेट रखकर रोड किया ब्लॉक
- आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग पर अड़े, पुलिस ने 1 संदिग्ध को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

नवभारत न्यूज
विदिशा 13 मार्च, करारिया थाने के नजदीक कोटरा गांव के पास बन रहें ब्रिज के नीचे गुरूवार की रात को एक महिला की लाश मिलने से इ लाके में सनसनी फैल गयी. महिला की गला दबाकर हत्या की गई है. महिला की लाश मिलने की सूचना पर करारिया थाना समेत आस-पास के थानों का पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया. वहीं मामला बड़ा और संदिग्ध होने के चलते रात में ही एसपी और एएसपी मौके पर पहुंच गये. उनके साथ ही एफएसएल की टीम भी थी. टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किये है. महिला की मौत से गुस्साए परिजन और इलाके लोगों ने चक्का जाम कर दिया.

विदिशा में 50 साल वर्षीय महिला की हत्या के मामले ने नया मोड़ सामने आया है. पुलिस अब इस मामले की हर एंगल से भी जांच कर रही है. हत्या की वारदात से गुस्साए परिजनों ने शमशाबाद पुल पर बेरीकेट लगाकर चक्काजाम कर दिया. परिजनों की मांग है कि इस हत्या की वारदात में जो भी शामिल है उनको फांसी दी जाए या फिर एनकाउंटर किया जाए. 1 माह के दौरान करारिया थाना क्षेत्र की यह दूसरी घटना है जिसमें बुजुर्ग महिला के साथ पहले बलात्कार और फिर गला दबाकर हत्या. 12 फरवरी को एक अन्य 65 साल की महिला के साथ भी यही घटना घटी थी.

शमशाबाद की रहने वाली सविता राजपूत अपनी किरायेदार की ननद की शादी में शामिल होने के लिए विदिशा के ग्राम कोटरा आई थी. करारिया थाने के सामने एक निजी वेयरहाउस पर शादी समारोह का कार्यक्रम रखा गया था. गुरुवार की देर शाम पुलिस को एक महिला के पड़े होने की सूचना मिली. पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला अर्धनग्न अवस्था में मृत पड़ी हुई थी. देर रात पुलिस बल की कई टीम और एफएसएल ने जरूरी साक्ष्य जुटाए. शुक्रवार को महिला का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया. गुस्साए परिजनों ने आरोपियों को सख्त सजा देने की मांगों को लेकर शमशाबाद में चक्काजाम कर दिया. सूचना लगते ही कुरवाई, बासौदा और शमशाबाद एसडीओपी बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी. मृतिका के बेटे आशु का कहना है कि उनकी माँ शादी में शामिल होने करारिया चौराहे गई थीं जो गुरुवार की सुबह से ही लापता थीं. पुलिस ने इस मामले में 1 संदिग्ध और 2 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है. एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे का कहना है कि 5 थाने का बल, थाना प्रभारी और एफएसएल टीम लगी हुई है, जल्द ही इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली जाएगी और आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे.

बस्तियों में लगे गंदगी के ढेर

स्वच्छता अभियान पर लाखों हो रहे खर्च

नवभारत न्यूज
गंजबासौदा 13 मार्च, स्वच्छता अभियान के नाम पर नगर पालिका परिषद द्वारा लाखों रुपए प्रति माह खर्च किए जा रहे हैं.ठेका प्रथा के बाद स्थिति और खराब हुई है.कचरा वाहन पहुंचने का कोई निश्चित समय नहीं है इससे लोग कचरा वाहन में कचरा डाल नहीं पाते और वाहन निकल जाता है.इस तरह नगर पालिका परिषद द्वारा जो नियम शर्तें रखी थी उसके अनुसार यह वाहन चालक नहीं चल रहे हैं.कई बस्तियों में वाहन रोजाना नहीं पहुंचते.शिकायत करो तो कहते हैं ड्राइवर छुट्टी पर गया था.लोग अपने घरों का कचरा नालियों में पटक रहे हैं. सड़क पर डाल रहे हैं इससे जहां देखो वहां गंदगी दिखाई देती है.

ठेकेदार मोबाइल नहीं उठाता.नगर पालिका परिषद के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते और न गंभीरता से ध्यान देते इस कारण पूरा शहर गंदगी की चपेट में आ गया है.नालिया गटर गंदगी से ठसा ठस भरे पड़े हैं.सफाई कामगारों का कहना है नागरिक मकान का निकला मटेरियल नाली में सरका देते हैं.इस कारण ठीक से सफाई नहीं हो पाती कुछ लोगों ने नालियों गटरों के ऊपर अतिक्रमण कर रखे हैं.इस कारण सफाई नहीं हो पाती पानी का निकास भी नहीं हो पता नगर पालिका के अधिकारी इस तरह के लोगों को नोटिस क्यों नहीं देते यह कारण भी गंदगी होने के हैं.पार्षद किसी से बुराई लेना नहीं चाहते.इस कारण वह भी शिकायत नहीं करते.यह स्थिति बनी हुई है.मुख्य नगर पालिका अधिकारी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता इस कारण वह मौके पर पहुंच कर स्थिति नहीं देख पाते कार्यालय में बैठे रहते हैं नालिया रैंप क्षतिग्रस्त पड़े हैं.उन्हें भी दुरुस्त नहीं कराया जाता बड़े-बड़े काम हो रहे हैं छोटे-छोटे कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जाता इस कारण बस्तियों के लोग परेशान हैं.

आप पार्टी के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज
विदिशा, आम आदमी पार्टी द्वारा हाल ही में संगठन का विस्तार करते हुए जिले की नई कार्यकारिणी घोषित की गई. इसी क्रम में नव नियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में शहर के अशर्फी पैलेस में सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में पार्टी के विभिन्न पदों पर नियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया.नई कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा के साथ करीब 40 पदाधिकारियों की घोषणा की गई है. इनमें 12 अनुषांगिक संगठनों के जिला अध्यक्ष, 6 जिला उपाध्यक्ष, 5 सचिव, 6 संयुक्त सचिव सहित संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष, संभाग मीडिया प्रभारी, जिला मीडिया प्रभारी और सोशल मीडिया प्रभारी जैसे पद शामिल हैं. कार्यक्रम में प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी आर.पी. द्विवेदी आदि मौजूद रहे.

वर्षों से रास्ते की वाट में उदयपुर

नवभारत न्यूज
गंजबासौदा, 1050 मे निर्मित विश्व की विशालतम नटराज प्रतिमा जिसकी लम्बाई 28 फिट चौड़ाई 12 फिट मोटाई 3से 4 फिट है.एक शिला पर बनी नटराज प्रतिमा तक जाने के लिये कच्चा रास्ता है जिसमे गाड़ी तो दूर की बात है पैदल चलना मुश्किल है.

मेन रोड मुरादपुर से आधा पोन किलोमीटर की दुरी पर पहाड़ की तलहेटी मे स्थित प्रतिमा को देखने प्रदेश ही ही नहीं भारत वर्ष के आलबा विदेशों से आने बाले पर्यटको पहुंचना दुभर है. आज तक यह समझ नहीं आ आया की आखिर इस सड़क को पुरातत्व विभाग /जनपद पंचयात या अन्य कौन सा विभाग बनायेगा विडवना.इंटेक द्वारा नटराज की मूर्ति चार दीबारी पर प्लास्तर व ग्राउंड फिलोरिंग का कार्य लाखो रूपये में पुरातत्व विभाग से परमिशन लेकर कर दिया लेकिन पहुंच मार्ग के काम के बारे गुस्ताखी नहीं की कारण कौन पड़े. पचढ़े में सीधा करो यही भावना इन्ही भवनाओं की बजह से उक्त विशालतम नटराज की मूर्ति के दर्शन (कला) से वंचित हो रहे है पर्यटक इंतजार में.

2009 तक नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की मांग

कलेक्टर के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
विदिशा, मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा विदिशा ने वर्ष 2009 तक नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी से मुक्त रखने की मांग को लेकर राज्य सरकार से हस्तक्षेप की अपील की है. इस संबंध में संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर अनिल कछुआरे को सौंपा.

संयुक्त मोर्चा के जिला महामंत्री उमराव सिंह कुशवाहा ने बताया कि टीईटी परीक्षा को अनिवार्य रूप से शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23(1) के तहत लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता तय करना है. राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद ने 31 मार्च 2010, 23 अगस्त 2010 और 29 जुलाई 2011 की अधिसूचनाओं के माध्यम से कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों के लिए टीईटी को अनिवार्य किया था.उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 से पहले भी प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी थी. ऐसे में बाद में लागू हुए नियमों को पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्यायसंगत नहीं है. ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शिक्षाकर्मी भर्ती अधिनियम 1997, 1998, अध्यापक भर्ती अधिनियम 2008 तथा 2018 के सेवा शर्त नियमों में टीईटी उत्तीर्ण करना सेवा-शर्त के रूप में कहीं भी उल्लेखित नहीं है.

संयुक्त मोर्चा ने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के सिविल अपील क्रमांक 1385/2025 के निर्णय के बाद जारी पत्र से प्रदेश के लगभग तीन लाख शिक्षकों में असमंजस और रोष की स्थिति बन रही है. इसलिए राज्य सरकार को अन्य राज्यों की तरह इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में रिव्यू पिटीशन दायर करना चाहिए. ज्ञापन सौंपने के दौरान संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव, शिक्षक कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, राज्य शिक्षक अध्यापक संघ अध्यक्ष राजेश दीक्षित, अजाक्स संघ जिला अध्यक्ष सीएल बंशकार, लघु वेतन कर्मचारी संघ अध्यक्ष मुकेश मालवीय सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे.

न किसान ने बिजली चोरी की है फिर भी बिजली कंपनी भेज रही नोटिस

नवभारत न्यूज
त्योंदा, नगर में बिजली विभाग द्वारा जारी किए जा रहे कथित झूठे प्रकरणों को लेकर ग्रामीणों और किसानों में नाराजगी देखने को मिल रही है. शुक्रवार को करीब 10 से 15 किसान विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे और जेई उपदेश यादव से मिलकर अपनी समस्या रखी. किसानों का कहना था कि उन्होंने न तो बिजली चोरी की है और न ही विद्युत मंडल से कोई कनेक्शन लिया है, इसके बावजूद उनके नाम पर प्रकरण बनाकर नोटिस भेजे जा रहे हैं और लोक सेवा केंद्र में जाकर निराकरण कराने के लिए कहा जा रहा है.

किसानों ने बताया कि इस तरह के नोटिस मिलने से वे परेशान हैं और समझ नहीं पा रहे कि बिना कनेक्शन और बिना चोरी के उनके ऊपर प्रकरण कैसे बना दिए गए. किसान रामू कुशवाहा ने बताया कि उन्हें 37 हजार 881 रुपए का नोटिस दिया गया है, जबकि उन्होंने न तो बिजली कनेक्शन लिया और न ही कहीं से बिजली चोरी की है. इस संबंध में जेई उपदेश यादव ने बताया कि किसानों को जो नोटिस दिए जा रहे हैं, वे विजिलेंस टीम द्वारा जांच के दौरान पंचनामा बनाकर तैयार किए जाते हैं. इस प्रक्रिया की जानकारी स्थानीय स्तर पर पहले से नहीं होती. उन्होंने कहा कि बड़े अधिकारी अचानक जांच के लिए आते हैं और उसी दौरान कार्रवाई की जाती है, जिसकी जानकारी नीचे के अधिकारियों को भी नहीं रहती. जेई ने बताया कि इस मामले का निराकरण 14 तारीख को लोक सेवा केंद्र में किया जाएगा, जहां सभी संबंधित उपभोक्ताओं को पहुंचकर अपनी समस्या का समाधान कराना होगा.

मंडल स्तर पर सशक्त संगठन ही बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करें- टंडन

विदिशा विधानसभा क्षेत्र के मंडलों की शेष कार्यकारिणी घोषित, पदाधिकारियों ने विधायक से की भेंट

नवभारत न्यूज
विदिशा, विदिशा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा नगर मंडल, बेसनगर मंडल, वेत्रवती नगर मंडल, गुलाबगंज मंडल, अहमदपुर मंडल एवं ढोलखेड़ी मंडल की शेष बची नगर मंडल कार्यकारिणियों की घोषणा की गई. कार्यकारिणी घोषित होने के उपरांत नवनियुक्त सभी मंडल के पदाधिकारियों ने शेरपुर स्थित केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यालय पहुंचकर विदिशा विधायक मुकेश टंडन से सौजन्य भेंट की.

इस अवसर पर विधायक श्री टंडन ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन आधारित पार्टी है और मंडल स्तर पर सशक्त संगठन ही बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करता है. विधायक श्री टंडन ने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे संगठन की रीति-नीति और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे.

विधायक मुकेश टंडन के साथ भाजपा के जिला महामंत्री अनिल सोनकर, उपाध्यक्ष पंकज पांडे , दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, बेस नगर मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, वेत्रवती नगर मंडल के अध्यक्ष प्रशांत खत्री, अहमदपुर मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर किरार, महामंत्री सुनील साहू, विकास भट्ट, रमेश रैकवार, नवनियुक्त पदाधिकारी में दुर्गा नगर मंडल के उपाध्यक्ष राजू दांगी, नीलेश शर्मा कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र लोधी मंत्री, राघवेंद्र विश्वकर्मा से सोशल मीडिया प्रभारी, मोहन केवट, राजू रैकवार आईटी सेल प्रभारी, सोमू विश्वकर्मा सरकार ले मंत्री रघुवीर सेन बनाए गए. इसी क्रम में वेत्रवती मंडल में महामंत्री संतोष पेंटर, उपाध्यक्ष संगीता नीरज पाल, मंत्री चित्रांश जैन , कोषाध्यक्ष गर्वित अरोड़ा, सह कोषाध्यक्ष कल्लू लियाकत खान, बेस नगर मंडल मे महामंत्री राहुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष सुमित मोतियानी, अहमदपुर मंडल के अंतर्गत जितेंद्र सिंह राजपूत उपाध्यक्ष, मंत्री रामराज दांगी गुलाबगंज मंडल के अंतर्गत पीयूष शर्मा उपाध्यक्ष, कमल अहिरवार महामंत्री , मंत्री सागर गुप्ता, महेंद्र दांगी ढोल खेड़ी मंडल के अंतर्गत हरीश कुशवाहा उपाध्यक्ष, मंत्री लक्ष्मण पाल बनाये गए. यह जानकारी दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान द्वारा दी गई.

श्री हरि वृद्धाश्रम में स्वयंसेवकों ने की वृद्ध जनों से मुलाकात

नवभारत न्यूज
विदिशा, सेंट मेरी पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा संस्था संचालक फादर सिंटो वर्गीज के निर्देशानुसार वरिष्ठ सेंसिटाइजेशन एवं अवेयरनेस संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सचान, सुश्री मालती लोधी सामाजिक न्याय प्राधिकरण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम के तहत जानकारी प्रदान की गई. जिसके अंतर्गत उपस्थित छात्रों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण नियम 2009 से अवगत कराया गया. इसके पश्चात् उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश राष्ट्रीय कार्यबल के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण हेतु विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्पद प्रेरक फिल्म द्वारा छात्रों को जीवन के मूल्यों एवं जीवन में संघर्षों से लड़कर विजय प्राप्त करने की सीख दी गई. जिसे देख कर छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा ली. तत्पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो दीपा राठौर, प्रो नारायण अहिरवार एवं मोहित यादव द्वारा श्री हरि वृद्ध आश्रम जाकर वृद्ध जनों से मुलाकात की. आश्रम संचालक वेद प्रकाश शर्मा एवं राजीव द्वारा वृद्धाश्रम के कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया. साथ ही वृद्ध जनों से भेंट कर फल वितरित किए गये. कार्यक्रम में सिस्टर प्रभावती, प्रो. हरीश शर्मा, प्रो. सौरभ दुबे, डॉक्टर दिनेश शाह, प्रो. मनीष शाह, प्रो. सचिन अग्रवाल,प्रो. बलराम रजक, प्रो. मनीष आचार्य , डॉ गिरीश सर्जन ,प्रो. राजेश कौशल सहित 100 छात्र-छात्राएं शामिल थीं.

लखुली स्कूल में परीक्षा के दिन भी नहीं पहुंचे शिक्षक समय पर, बच्चों का भविष्य भगवान भरोसे

नवभारत न्यूज
विदिशा, ग्यारसपुर विकासखंड के अंतर्गत संकुल केंद्र नौलस की माध्यमिक शाला लखुली में शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही खुलकर सामने आई है. गुरुवार को कक्षा छठवीं और सातवीं का विज्ञान का पेपर था, लेकिन बच्चे स्कूल के बाहर लंबे समय तक इंतजार करते रहे क्योंकि स्कूल में ताला लगा रहा और कोई शिक्षक समय पर नहीं पहुंचा.बताया जा रहा है कि स्कूल में दो रेगुलर शिक्षक और तीन अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं, इसके बावजूद तीनों शिक्षक अनुपस्थित रहे. परीक्षा के दिन भी शिक्षकों का स्कूल नहीं पहुंचना शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है. ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि स्कूल पहले से ही भगवान भरोसे चल रहा है और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है.इस पूरे मामले ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है. अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस लापरवाही पर क्या कार्रवाई की जाती है. इस संबंध में डीपीसी आरपी लखेर से बात की गई तो बताया कि मुझे जानकारी मिल गई है मैंने बीआसी को जांच के निर्देश कर दिया है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी. वहीं स्थानीय सरपंच अरविंद गोस्वामी का कहना है कि11 बजे स्कूल के बाहर सभी बच्चे परीक्षा देने खड़े हुए थे लेकिन स्कूल में ताला लगा होने के कारण समय पर शिक्षक न आने से बच्चों को काफी इंतजार करना पड़ा ऐसे शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही होना चाहिए.

मंडी 13 मार्च के भाव पत्रक में 16,310 क्विंटल उपज की आवक दर्ज, गेहूं 3840 और मसूर 7245 रुपए तक पहुंची

विदिशा कृषि उपज मंडी में गेहूं और सोयाबीन की अच्छी आवक

नवभारत न्यूज
विदिशा, कृषि उपज मंडी विदिशा द्वारा जारी 13 मार्च 2026 के दैनिक आवक एवं भाव पत्रक के अनुसार मंडी में विभिन्न फसलों की कुल 16 हजार 310 क्विंटल उपज की आवक दर्ज की गई. मंडी में सबसे ज्यादा आवक गेहूं 1544 किस्म की रही, जबकि सोयाबीन, धान, चना और मसूर की भी अच्छी मात्रा में आवक देखने को मिली.

मंडी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गेहूं 306 शरबती की 440 क्विंटल आवक दर्ज की गई, जिसका न्यूनतम भाव 2740 रुपए, अधिकतम 3840 रुपए और मॉडल भाव 3000 रुपए प्रति क्विंटल रहा. वहीं गेहूं 1544 की सबसे ज्यादा 8356 क्विंटल आवक हुई, जिसमें न्यूनतम भाव 1880 रुपए, अधिकतम 2740 रुपए और मॉडल भाव 2500 रुपए रहा. इस किस्म का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2625 रुपए निर्धारित है.

सोयाबीन की 585 क्विंटल आवक दर्ज की गई, जिसमें न्यूनतम भाव 3800 रुपए, अधिकतम 5561 रुपए और मॉडल भाव 4200 रुपए प्रति क्विंटल रहा. सोयाबीन का 5328 रुपए निर्धारित है. इसके अलावा धान की 4929 क्विंटल आवक रही, जिसमें न्यूनतम भाव 1556 रुपए, अधिकतम 4201 रुपए और मॉडल भाव 3700 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया. धान का एमएसपी 2369 रुपए बताया गया है. चना की 459 क्विंटल आवक के साथ इसके भाव 3000 रुपए से 5401 रुपए के बीच रहे और मॉडल भाव 4900 रुपए दर्ज किया गया. वहीं मसूर की 372 क्विंटल आवक के साथ न्यूनतम भाव 5341 रुपए और अधिकतम भाव 7245 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गया, जबकि मॉडल भाव 6040 रुपए रहा. मसूर का 7000 रुपए है. सरसों की 294 क्विंटल आवक रही, जिसमें भाव 5401 रुपए से 6230 रुपए के बीच रहे और मॉडल भाव 6201 रुपए दर्ज किया गया. इसके अलावा मक्का, तिवड़ा, मूंग, धनिया और बटरी जैसी अन्य फसलों की भी सीमित मात्रा में आवक हुई. मंडी प्रशासन के अनुसार दिनभर में कुल 589 अनुबंधों के माध्यम से फसलों की खरीदी-बिक्री हुई. वहीं सौदा पत्रक के जरिए 410 क्विंटल उपज का अतिरिक्त व्यापार भी दर्ज किया गया. मंडी में किसानों की लगातार बढ़ती आवक के चलते आगामी दिनों में फसलों के दामों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता.

तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक मनाया

नवभारत न्यूज
विदिशा, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के तीसरे दिन प्रात:काल तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. आयोजन स्थल पर जैसे ही तीर्थंकर बालक के जन्म की घोषणा हुई, पूरे पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं और पात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई. परंपरा के अनुसार अयोध्या नगरी में राजा नाभिराय की महारानी मरुदेवी के यहां तीर्थंकर के जन्म का प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसके साथ ही उत्सव का माहौल बन गया. प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यासागर ने बताया कि जन्म कल्याणक की घोषणा प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया ने की. इस अवसर पर राजा नाभिराय द्वारा किमिच्छिक दान की घोषणा की गई. साथ ही हथकरघा के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत छूट देने और जीवदया के लिए गौशाला में दान की घोषणाएं भी की गईं.

सिरोंज टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सम्मानित

नवभारत न्यूज
सिरोंज, दिल्ली में आयोजित एक समारोह में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा कई प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया गया. इस समारोह में सिरोंज टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सैय्यद शफ़ीक़ उद्दीन को उनके उत्कृष्ट कार्यों, समर्पण, तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया. इस मौके पर उनके मित्रों एवं शुभचिंतको ने उन्हें बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. साथ ही इसे नगर के लिए गर्व और सम्मान का क्षण बताया. इस मौके पर सिरोंज टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सैय्यद शफ़ीक उद्दीन ने इस सम्मान के लिए यूनिवर्सिटी के प्राध्यापकों एवं शुभचिंतको सहित शहर की जनता का आभार जताया. उन्होंने कहा कि शहर के लोगों एवं यूनिवर्सिटी स्टाफ के सहयोग से ही विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है.